भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 2272
12 दिसंबर, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

उत्तर प्रदेश के चित्रकूट में नया मेडिकल कॉलेज

2272. श्रीमती कृष्णा देवी शिवशंकर पटेल:

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले में एक नया सरकारी मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या सरकार ने बांदा मेडिकल कॉलेज में बुनियादी ढांचा सुधारने और डॉक्टरों, उपकरणों, चिकित्सा कर्मियों और सुपर-स्पेशलिटी सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कोई कार्य योजना तैयार की है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार के समक्ष माणिकपुर के आदिवासी क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए नया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने या मौजूदा सुविधाओं का उन्नयन करने संबंधी कोई प्रस्ताव विचाराधीन है; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में अब तक हुई प्रगति और समय-सीमा, यदि कोई हो, क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (घ): स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, मौजूदा ज़िला/रेफ़रल अस्पतालों से जुड़े नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के लिए एक केंद्र प्रायोजित योजना (सीएसएस) का संचालन करता है। इस योजना में उन अल्पसेवित क्षेत्रों और आकांक्षी ज़िलों को प्राथमिकता दी जाती है जहाँ पहले से कोई सरकारी या निजी मेडिकल कॉलेज मौजूद नहीं है। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच निधि साझाकरण तंत्र पूर्वोत्तर और विशेष श्रेणी के राज्यों के लिए 90:10 के अनुपात में है जबकि अन्य राज्यों के लिए 60:40 के अनुपात में है। इस योजना के अंतर्गत तीन चरणों में 157 सरकारी मेडिकल कॉलेजों को अनुमोदन दिया गया है, जिनमें उत्तर प्रदेश के सत्ताईस (27) मेडिकल कॉलेज शामिल हैं।

उत्तर प्रदेश के बांदा में स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) राज्य द्वारा वित्त पोषित मेडिकल कॉलेज है। इस महाविद्यालय का निर्माण एवं प्रबंधन उत्तर प्रदेश राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है। राज्य सरकार ने सूचित किया है कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के मानदंडों के अनुसार पर्याप्त संख्या में डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ, आवश्यक बुनियादी ढांचा और उपकरण उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, वर्तमान में इस मेडिकल कॉलेज में कोई सुपर स्पेशियलिटी सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं।

इसके अतिरिक्त, “जन स्वास्थ्य एवं अस्पताल” राज्य का विषय है, जन स्वास्थ्य परिचर्या प्रणाली के सुदृढ़ीकरण का प्राथमिक उत्तरदायित्व संबंधित राज्य सरकारों का है। तथापि, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत जन स्वास्थ्य परिचर्या केन्द्रों में जन स्वास्थ्य परिचर्या प्रदायगी को सुदृढ़ करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करता है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, चित्रकूट जिले में मानिकपुर ब्लॉक के अंतर्गत, मानिकपुर और रायपुरा में दो (02) सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), साथ ही दस (10) प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी), सभी आवश्यक उपकरणों और चिकित्सा सुविधाओं के साथ कार्यशील हैं।

******